॥ श्री हरिः ॥

आंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद



कीर्तन विशारद

पुष्टिभक्तिसंगीत पाठ्य क्रम. नं. ५

Scanned by CamScanner

॥ श्री हरिः ॥

आंतरराष्ट्रिय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद

❁ कीर्तन विशारद् ❁

पुष्टिभक्तिसंगीत पाठ्यक्रम नं.५

❁ कीर्तनकार एवं स्वरलिपि प्रदत्ता ❁

श्रीजमनप्रसादजी शर्मा

❁ भावोद्बोधन ❁

श्रीमती कल्पनाबेन शाह

❁ संकलन ❁

श्रीमति कल्पनाबेन शाह

श्रीमति नैनाबेन द्वारकादास

एवं - कु. ख्याति निर्मल द्वारकादास

संशोधित एवं प्रमाणित प्रती

❁ प्रकाशक ❁

आं. पु. वै. प.

आंतरराष्ट्रिय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद

१५-ई, लोहाणा निवास, रघुवंशी हॉल के ऊपर,

जे. एस. एस. रोड, चिरा बजार, मुंबई-२.

फोन : २२०७ ६०९८, ५६३७ २७५८

मुद्रक : अक्षत प्रिन्ट्स :

३०३/अे, लक्ष्मी अेपार्टमेन्ट, प्लोट नं. ६, आनंद नगर, वसई (वेस्ट), पीन - ४०१२०२.

फोन : ९९६७०२३३३४

सर्व हक्क प्रकाशक के आधीन

(दूसरी आवृत्ति : अक्टूबर २०१६)

Scanned by CamScanner

॥ श्री हरिः ॥

कीर्तन विभाग की अनुक्रमणिका

क्रमांक	विषय	पृष्ठ
१.	पूज्यपाद गो. आचार्यवर्यों के आशिर्वचन	
२.	पूज्यपाद श्री निकुंजलता बेटीजी	
३.	श्री के. अेन. शाह - (विनीत पत्र)	
४.	आमुख	
५.	संगीत विषयक जानकारी	
६.	हमारी कीर्तन प्रणाली	
७.	ताल विभाग	
८.	वाद्य परिचय	
९.	मल्हार राग की जानकारी	६०
अ)	गौड़ मल्हार .... तैसोई वृन्दावन	६१
ब)	मेध मल्हार या शुद्ध मल्हार .... बोलत मोर सुहाये जहां तहां	६५
क)	सोरठ मल्हार .... हरियारो सावन आयो	६७
ख)	धूलिया मल्हार .... वा पट पीत की फहरान	७०
ग)	सूर मल्हार .... देखो माई ये बड़भागी मोर	७४
घ)	मीयाँ की मल्हार .... काहे को ब्रज पर दौरी बदरीया	७६
च)	नट मल्हार .... लालही लालके लालही लोचन	७९
छ)	रामदासी मल्हार .... लाल माई भीजत आये गेह	८२
ज)	जयंत मल्हार .... झूलत बने है बिहारी हिंडोरे माई	८४
१०.	मारु .... हो लक्ष्मण सीता कौन हरी	८७
११.	पंचम .... माई मोहे मोहन लागे प्यारौ	८९
१२.	शुद्ध बसंत .... खेलत बसंत गिरिधरनलाल	९१
१३.	ललित बसंत .... खेलति बसंत निस पिय संग जागी	९३
१४.	हिंडोल बसंत .... सांची कहो मन मोहन मो सों	९५
१५.	हिंडोल .... रास विलास रंगभर निर्तत	९९
१६.	सिंदूराकान्हरा .... मोसो होरी खेलन आयो	१०१

Scanned by CamScanner

१७. **मारवा** .... नैना तेरे अति रस माते १०३
१८. **जैतश्री** .... झूलत डोल श्री राधिका के संग १०५
१९. **जंगला** .... अरी तुम कौन हो री या बन में १०८
२०. **नट नारायणी** .... नागरी नट नारायण गायो ११२
२१ **कल्याण** .... देखौ इन दिपन की सुंदराई ११५
२२. **श्याम कल्याण** .... कदंब बन बीथन करत विहार ११८
२३. **झिंझोटी** .... खेलत झुनझुनिया ते श्याम १२०
२४. **कुकुभ बिलावल** .... आज धरी गिरधर पिय धौती १२२
२५. **गौड़ बिलावल** .... कांकरी कान्हा मोहे मारे १२४
२६. **सामेरी बिलावल** .... अहो मेरी प्राण पियारी १२६
२७. **देवगिरी बिलावल** .... गढ़ते ग्वालिनि उतरी १२९
२८. **नट बिलावल** .... गोद बैठे गोपाल १३१
२९. **अहीर भैरव** .... जागिये ब्रजराज कुँवर १३४
३०. **भटियार** .... ललन उठाय देहो मेरी गगरी १३७
३१. **गुणकली** .... मुख देखन कौं आयी लालकौ १४०
३२. **कलावती** .... नैना मेरे बरज्यो न मानें १४२
३३. **राग श्री** .... सारेगमपधनी सप्त स्वर अलंकृत १४४
३४. **बिहागड़ा** .... मेरे तो गिरिधर ही गुणगान १४६
३५. **भैरवी** .... श्री वल्लभ भले बुरे तोऊ तेरे १५०
३६. **दरबारी कान्हरा** .... बिन गोपाल नहीं कोई अपनों १५४
३७. **जीवन चरित्र**
अ) **श्री कृष्णदासजी** १५७
ब) **श्री गोविंदस्वामी** १६३
३८. **ध्वजगीत** .... पूज्यपाद गो. श्री. रणछोडाचार्यजी महाराजश्री १७२
३९. **पुष्टिपताका गीत** .... पूज्यपाद गो. श्री. इन्दीराबेटीजी १७४
४०. **आभार** .... श्री जमुना प्रसाद शर्मा १८०

Scanned by CamScanner

ग्रहण

हमारे यहाँ सूर्यग्रहण या चन्दग्रहणमें ग्रहण शुरु होनेसे लेकर मोक्षकाल तक मंदिरोमें दर्शन खुले रहते हैं । दर्शन के समय कीर्तन इत्यादि होते है । ग्रहण कभी प्रातः मध्यान्ह या रात्रिके समय भी होता है। ग्रहण के समय प्रथम महात्म्यके पद (१) पद्म धर्यो जनताप निवारन (२)चक्रके धरन हार (३) जाको वेद रटत (४) वंदो धरन गिरिवर भूप (५) चरन कमल वंदो जगदीश इत्यादि मेंसे गाये जाते है । मानलीलाके पद एंव ग्रहणका समय लंबा हो तो सूरदासजीका 'मानसागर ' इत्यादि गाया जाता हैं । इसके सिवा कहीं कहीं समय एंव ऋतु अनुसार भी पद गाये जाते हैं । प्रथम महात्म्यके पद ओर बादमें ऋतु अनुसार जैसेकि भादोंमें दानके दिनोंमे दानके, फ़ागुनमें होरीके इत्यादि कहीं कहीं तत् समयके पद प्रथम गाये जाते हैं । किसी घरमें रासके हि पद गाये जाते हैं।

कभी कभी कहीं कहीं हमारे पदोके अलावा अन्यभी रचनाएं गाई जाती हैं । अन्य वाद्य भी अेकेले बजाअे जाते हैं ।

(चन्द्र ग्रहणमें मानके पद । सूर्य ग्रहण में मान सागर के अलावा दीनता, आश्रयके भी पद गाये जाते है ।)

Scanned by CamScanner

कुंडवारा

हमारी सेवा प्रणालीमें गोपाष्टमीसे लेकर वसंत पंचमीके अगले दिन तकमे शीतकालमें श्रृंगार भोग समय प्रभुको भीतर कुंडवारा भोग आते हैं। तब दर्शन नहीं होते। कभी मनोरथ स्वरुप विशेष रुपसे कुंडवारा भोग आये पर एवं दर्शन मे प्राय; निम्त पद गाये जाते हैं। (१) गोकुल गोवर्धन पूजी अे (२) पूजा विधि गिरिराजकी (३) बडडेन को आगे दे गिरिधर (४) गुरके गूंजा पुआसुंवारी इत्यादि पद, एवं दर्शन मे सगाई ब्याहके भी पद गाये जाते हैं। जैसे की (१) ब्याहकी बात चलावत मैया (२) मैया मोहे अेसी दुल्हनी भाऐं (३) दिन दुल्हो मेरो कुंवर कन्हैया एवं अन्य सगाई ब्याहके पद गाये जाते हैं। श्रृंगारानुसारभी पद गाये जाते हैं। जेसे सेहरा धरे होतो सेहरा के भावके, टिपारा धरने पर "गोविन्दि लाडिलो बड बोरा" इत्यादि राजभोग टिपाराके पद भी साथ साथ गाये जाते हैं।

कुंडवारा मनोरथके लिये भी पद के बारे मे कीर्तन पुस्तक में स्वतंत्र रुपसे लिखा नही गयाहैं। या तत् घर के बालककीं आज्ञानुसार या परंपरा से सुनके कीर्तनकार कीर्तन करते हैं।

छप्पनभोग

छप्पनभोग भी विशिष्ट मनोरथ है। छप्पनभोग भावनानुसार प्रभु अपने परिवार सहित वृषभानजी के यहाँ निमंत्रणसे भोजन करने पधारते हैं। ईसलिये गदाघरदासजी रचित ये पद भोग आये प्रायः गाया जाता हैं। "वृषमान सढन भोजन" को नंदादिक सब आये हो।

भोग आये एवं दर्शन खुलने पर.....

(१) बैठी गोपकुंवरकी पांत........धनाश्री रागमें

(२) श्री राधेजू पूछन आई ....बिलावल रागमें

(३) श्री वृषभान प्रोहितको.........सारंग रागमें

Scanned by CamScanner

(४) महामहोत्सव होत ..... धनाश्री रागमें

(५) परम कुलाहल..... इत्यादि पद के अलावा छप्पन भोगके विशेष पद कुछ कीर्तन पुस्तक में दिये गये हैं - उनमें से एवं ब्याहके पद गाये जाते हैं।

वर्षोत्सव कीर्तन प्रणाली-३

वसंत - धमार

हमारे कीर्तन साहित्यमें पदोंके जो विभाग किये हैं उनमें एक विभाग "वसन्त धमार, डोल, होरी, रसीया" के पद होते हैं। माध सुदी पंचमी (वसन्त पंचमी) से फागुन सुदी पूनम तक के चालीस दिन वसन्त होरी के कहे जाते हैं। ईन दिनों में क्रमानुसार कीर्तन गाये जाते है। जिसमें वसन्त एवं धमारके पद गाये जाते हैं और वसन्तराग विषेश रूपमें गाया जाता है।

वसन्त पंचमी

मंगलासे राजभोग सरे तक नित्यका क्रम गाया जाता है। पश्चात वसन्त कलशके अधिवासन समय वसंत रागमें आलापचारी "आई रितु बसन्तकी .....श्री गोवर्धन धरण धीर लाडीलो.....गाई जाती हैं। दर्शनमें प्रथम श्री गुसांईजी रचित अष्टपदी "हरि रिह व्रज युवती शत संगे" हर घर में गाया जाता हैं। बादमें कही' कही' जयदेवजीकी अष्टपदी "हरि रिह सरस वसंते "."ललित लवंग लता परिशिलन" इत्यादि मे से भी गायी जाती है। उत्सव भोग आये। राजभोग दर्शन एवं सायं भी सभी समय शयन पर्यंत वसंत पंचमी के भावके पद वसंत रागमें गाये जाते हैं।

सायं मानमें "अैसो पत्र पढयो नृप वसंत" पोढवेमें व "खेलत खेलत पोढी श्रीराधे" और आश्रयके पदमें "द्रढ इन चरणन के स्थान पर" "श्री वल्लभ प्रभु करूणा सागर" पद वसंत रागमें गाया जाता हैं।

- आजसे नित्य ग्वालसे संध्यार्ति तक झांझ समाज सहित कीर्तन होते हैं।
- आजसे वसंत राग शूरू होने के बाद होरीं दंडा रोपणी तक सभी समय सभी पद

Scanned by CamScanner

वसंत रागमें हि गाये जाते हैं।

- आजसे खेलके दर्शन में डोलतक नित्य प्रथम आलापचारी बोली जाती हैं।

- खेलमें आलापचारी के बाद कुंज एकादशीके अगले दिन तक नित्य प्रथम श्रीगुसांईजी रचित अष्टपदी "हरि रिह व्रजयुवती" सतसंगे हि गाई जाती हैं। किसी घरमें श्रीनाथजी के पाटोत्सव के अगले दिन तक हि गाई जाती है।

- पलनाके समय प्रथम "प्रेंख पर्यंक शयनम्"पद वसन्त रागमें और अन्य तीन पद धमारकी पुस्तक में लिखे हुअे पलनाके पद मे से गाये जाते हैं।

होरी दंडा .....(माघ्र शु.१५)

आज नक्षत्रानुसार सुबह या सायं होरी दंडा रोपणी होती है। होरी दंडा रोपणी के बाद धमारका प्रारंभ होता है। होरी दंडा रोपणी समय "धोष नृपति सुत गाईअे"

"वसन्त ऋतु सुख खेलिये आयो फागुनमास" "तुमचलो सबैमिलि" इत्यादि धमारमेंसे एक सुबह होतो बिलावल रागमें और सायं होतो गौरी रागमें गाया जाता है। आजसे चार रागोमें धमार शुरू होती है।राजभोग में बिलावल एवं धनाश्रीमें,और सायं गौरी एवं कल्याण रागकी धमारें गाई जाती है। कहीं कहीं आशावरी टोडी सुधराई रागकी भी धमारें शुरू होती है। विशेष कर ईन दिनों बालकोंके जन्मदिन पर बधाई गान वसंत. धनाश्री के साथ साथ इन रागोंमें होता है।

<u>श्रीनाथजीका पाटोत्सव (माध-व्रज फागुन कृ.७)</u> आजसे सभी राग खुल जाते है, विशेष कर सारंग रागकी धमार आजसे हि शुरू होती है। आजके दिन गोस्वामी बालकोंके घर राजभोग में भीतर खेल या तिलक समय या दर्शनमें आशावरी रागमें "धन धन नंद यशोमति धन्य श्री गोकुल गाम" पद विशेष रूपसे हर घरमें गाया जाता है

राजभोग आये "या गोकुलके चौंहटे रंगराची ग्वाल" ओर राजभोग

Scanned by CamScanner

खेलमें गुलाल उडते समय या कहीं आरती के बाद सुघराई रागमें "फगुवाके मिस छलबल लालको"पद खास गाया जाता है। आजसे शयनमें कुंज एकादशी के अगले दिन तक नित्य आरती आने तक कल्याण रागमें "श्री गौवर्धन राय लाला पद" कहीं कहीं गाया जाता है। मान पोढवेमें होरी के पद गाये जाते हैं।

= आजसे शयन दर्शन में नित्य झांझ समाज बजे।

=खेलमें धमार के कीर्तन के साथ डफ, चंग, उपंग, किन्नरी इत्यादि विशेष वाजित्र बजाये जाते हैं।

=आजसे डोल तक सभी रागकी धमारें समयानुसार गाई जाती हैं।

=आज से कहीं कहीं रसिया गाने भी शूरू हो जाते हैं।

होलाष्टक (फागुन शु.८)

आजसे होलाष्टक प्रारंभ होताहै। आजसे गारी के पद शुरू होते हैं। गोविन्दस्वामी की गारी आरती के बाद गाई जाती है। शृंगार औसरामें भी गारी के पद गाये जाते हैं। आजसे होरीतक राजभोग एवं शयनमें आरतीके बाद होरीके खयाल और रसिया गाये जाते हैं।

बगीचा नोम (फागुन शु.९)

राजभोग आये कुंज भावकी धमार गाई जाती है। बगीचामें पधारे तब वसंत काफी रागमें आलापचारी बाद त्त त्त घर की प्रणाली अनुसार पद गाये जाते है। कहीं कहीं आजही राजभोग खेलमें अष्टपटी बधं होती है। और डोलके पद शुरू होते हैं।

आरती के बाद सुघराईमें "फगवाके मिस छलबल" पद गाया जाता है।

कुंज एकादशी (फागुन शु.११)

वैसे आज से हि खेलमें अष्टपदी "हरी रिह व्रजयुवती शतसंगे" बंध होती है। खेलमें आलापचारी के बाद डोलके पद शुरू होतेहैं। डोल तक यही क्रम रहता है। गुलाल उडाने के समय या आरती के बाद प्रायः "फगुवा के मिस

Scanned by CamScanner

छलबल" पद सुघराईमें गाया जाता है। अन्य समय धमारें गाई जाती है। शयनमें दो पद डोलके गाये जाते हैं।

होरी उत्सव (फागुन शु.१५)

आज पुन्यों एवं होरी भावकी धमार गाई जाती है। खेलमें डोलके पद. आरती उतरे तब-"पहोप वृष्टि होत. डोल झुलत है. "डोल झुलत है विहारी.विहारीन" इत्यादि पदोमें से एवं "फगुवाके मिस छलबल लालके" इत्यादि पद और भोग आरती में यह पद प्रायः गाया जाता है ....."कछुक दिन और रहो व्रजमें होरी हैं।"

डोलोत्सव (फा.कृ-व्रजचैत्रंकृ -१)

डोलोत्सवके दिन मंगलासे राजभोग तक धमार गाई जाती है। डोल अधिवासन समय राग धनाश्री में आलापचारी गाई जाती है। डोलमें प्रभु पधारे तब "अरी अी चल बेग छबीली" इत्यादि पद राग धनाश्री में गाया जाता है। दर्शन खुले तब डोलके पद, सभी खेल (चारो खेलके दर्शन) में देवगंधारमें पद शुरू होकर अन्य रागोंमें पद गाये जाते हैं।

चोथे खेलमें आरती आने पर "डोल झुलत प्रिय प्यारी पहोप वृष्टि होय" या "डोल झुलत प्यारो लाल बिहारी पहोप" इत्यादि में से पद गाया जाता हैं। आरती के बाद देवगंधारमें "खेलत दोउ अनुरागे" और गोस्वामी बालकोंको खेलावे तब "खेलत वसंत वर विठ्ठलेश" और उपरना बांटे तब "नंदरायके घर मांगन फगुवा आई" (बिलावलकी धमार) पद बाद "खेले फाग अनुराग भरे दोउ.युवती जनदेत आशिष" इत्यादि के पद गाये जाते हैं।

=पांडे के. प्रोहित के एवं समधिन इत्यादि पद फा.शु.१० से श्रृंगार औसरा राजभोग आये, शयन भोग आये, तब कभी कभी गाये जाते हैं।

निकुंजलता बेटीजी

निकुंजलता बेटीजी

Scanned by CamScanner

॥ श्री हरिः ॥

संगीत विषयक जानकारी

"कीर्तन -प्रवीण" में हमने रागों के भेद (प्रकार) जिसमें शुध्दराग, छायालग राग, आश्रयराग, संधिप्रकाश राग आदि के बारे में बात की। पूर्वांग और उत्तरांगवादी राग के बारे में सीखा ।

पुस्तक " कीर्तन-विशारद" में हम राग के ही बारे में कुछ आगे जानकारी प्राप्त करेंगे।

सबसे पहले राग लक्षण के बारे में बात करेंगे।

दूसरा राग रंजक स्वरो का उपयोग।

तीसरा स्वर और समयकी द्रष्टिसे राग विभाग और राग इसके बारे में बात करेंगे।

(१) राग लक्षण यानि राग के नियम : -

हमारे प्राचीन ग्रंथोमें राग के दस लक्षण बताये हैं। जैसे कि ग्रह, अंश, न्यास, अल्पत्व, बहुत्व इंत्यादि। राग नियंम में वादी, संवादी, अनुवादी, विवादी, इत्यादी का समावेश भी होता है। हमारे लिये वादी-संवादी इत्यादी के बारे में जानना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कीर्तन सीखने वाले को, राग का ज्ञान होना अति आवश्यक है।

१) <u>वादी स्वर</u> : राग में जो स्वर मुख्य होता है अर्थात राग में जिस स्वरका प्रयोग अन्य स्वरों की अपेक्षा एक से अधिक बार होता हो वह स्वर राग का वादी स्वर कहा जाता है। राग रूपी राज्य का वह राजा माना जाता है। वादी स्वर पर ही प्रत्येक राग की विशेषता निर्भर रहती है इसलिये इस स्वर को "जीव" या "अंश" स्वर भी कहा जाता है।

Scanned by CamScanner

यह स्वर ही राग में सबसे महत्वपूर्ण होता है। कभी कभी दो रागों में समानता होने पर भी केवल वादी स्वर की भिन्नता के कारण राग बदल जाते हैं। जैसे 'भूपाली' और 'देशकार' में स्वर समान होने पर भी वादी स्वर की भिन्नता के कारण ही दोनों रागों का स्वरूप बदल जाता है। वादी स्वर के कारण, राग का समय जानने में भी आसानी हो जाती है। इसीलिये कहा है की

"प्रयोगे बहुलः स्वर वादी राजाडुत्र गीयते।"

२) **संवादी** : वादी स्वर से कम , लेकिन राग में लगने वाले अन्य स्वरों से ज्यादा लिया जाता है वह राग का संवादी स्वर है। वादी के बाद इसी स्वर का महत्व होता है। वादी-संवादी-स्वरों का संबंध भी बडा मधुर होता है। वादी स्वर से चौथा स्वर संवादी होता है। अगर वादी स्वर राग का राजा है तो संवादी स्वर को राग का प्रधान या मंत्री माना जाता है।

३) **अनुवादी स्वर** : वादी-संवादी के उपरांत राग में जितने भी स्वर लगते हैं। उसे अनुवादी स्वर कहते हैं। इन स्वरों को राग के अनुचरों की उपमा दी गई है।

४) **विवादी स्वर** : साधारणतया जो स्वर राग में वर्जित है उसे विवादी स्वर कहते है। विवादी का अर्थ वास्तव में "बिगाड पैदा करने वाला" ऐसा होता है। अर्थात ऐसा स्वर जिससे राग का स्वरूप बिगड सकता है। इसिलिये इस स्वर को राग का "दुश्मन" समझा जाता है।

फिर भी यदी कुशलतापूर्वक कणके रूप में इस स्वर का प्रयोग कभी कभी किया जाय तो इससे राग की रंजकता बढ़ सकती है।किन्तु ऐसा प्रयोग करने में अत्यंत कुशलता दिखानी पड़ती है नहीं तो राग के स्वरूप को हानि हो सकती है।

५) **राग की पकड** : राग में लगने वाले स्वरों का छोटा मुख्य स्वर समुदाय जिससे राग पहचाना जा सके। उसी को राग की पकड़ कहते है। पकड़ को

Scanned by CamScanner

राग का मुख्य अंग भी कहा जाता है, जो राग का सूचक होता है ।अच्छा कलाकार पकड़ के इस स्वर समुदाय को गायन-वादन में बार बार दिखाकर राग का स्पष्ट रूप व्यक्त कर देता है ।

(२) राग लक्षण की आवश्यक जानकारी के बाद अब हम, राग की रंजकता या सुंदरता को बढ़ाने में कौन से स्वरों का कैसे प्रयोग किया जाता है वह देखेंगे। इसमें वक्र स्वर कण स्वर मींड आदि का समावेश होता है ।

राग रंजक स्वरों का उपयोग

१) **वक्र स्वर :** गायन या वादन में किसी एक स्वर तक जाकर फ़िर पीछे वाले स्वर पर लौटकर अगले स्वर पर जाया जाता है, तब जिस स्वर से लौटते हैं, उस स्वर को "वक्र स्वर" कहा जाता है । उ.तौर पर, "प ध नी ध सां" यहां "नी" स्वर वक्र है।

रागों में जो स्वर वक्र होते है, उनके वक्रत्व का ध्यान न रखने से राग की सुंदरता और शुद्धता दोनों को हानि होती है।

२) **कण स्वर :** किसी भी स्वर को गाते-बजाते समय, उसके आगे या पीछे के किसी स्वर को, तनिक छूलें यानी स्पर्श करे तो, उस स्वर को "कण" स्वर कहते है। उ.त. सां रें - यहां रें का स्पर्श करके सां पर वापस जाना है, तो यहां "रें" स्वर "सां" का कण स्वर कहा जाता है।

३) **मीड :** किसी भी एक स्वर से आगे के या पीछे के दो, तीन या अधिक स्वरों पर, ध्वनि को बिना खंडित किए, गाने या बजाने को "मीड" कहते है। मीड " ⌒ " इस चिन्ह द्वारा दीखाई जाती है। उ.त. " प ध नि सां" मे "प" से लेकर "सां" स्वर तक की मीड है। इसका मतलब यह हुआ की **प से सां** तक जाने में ध नि स्वरों को बड़ी कोमलता से गाया-बजाया जाय जिससे राग की रंजकता बढ़े।

Scanned by CamScanner

राग लक्षण में राग की जाति का भी समावेष होता है जिसके बारे में हम पहले बात कर चुके हैं।

राग के इन लक्षणों का खयाल रखने से राग की पहेचान अच्छी तरह से हो जाती है और उसे गाने-बजाने मैं आसानी रहती है।

(३) अब हम देखेंगे समय और स्वर की दृष्टि से रागों के तीन वर्ग :-

उत्तर हिन्दुस्तानी पद्धति में, स्वर और समय को ध्यान में रखते हुए, रागों को तीन विभागों में बाँटा गया है।

१ संधिप्रकाश राग-यानि "रे" "ध" स्वर कोमल वाले राग।

२ "रे" "ध" शुद्ध स्वर वाले राग।

३ "ग" और "नी" कोमल स्वर वाले राग।

उपर दिये हुए तीन वर्गो में से, संधिप्रकाश राग याने "रे-ध" कोमल स्वरवाले रागों का समावेश प्रथम वर्ग में होता है। चतुर्थ वर्ष के पुस्तक में हमने "संधि प्रकाश" के बारे मेंउल्लेख किया था।

संधि यानि मेल. दिन और रात की संधि याने मेल होने के समय को, संधिकाल कहते हैं। इस समय में न तो पूरा दिन होता है, न पूरी रात । इसी समय को "संधिप्रकाश की वेला" कहा जाता है । इस समय में जो राग गाये-बजाये जाते हैं उसे ही संधिप्रकाश राग कहते हैं। चौबीस घंटो में ऐसी संधि दो, बार आती है ।

१ सूर्योदय से पहले

२ सूर्यास्त से पहले

इसलिए संधिप्रकाश रागों के भी दो भाग माने गये है।

(१) प्रातःकालीन संधिप्रकाश राग समय सुबह ४ से ७

Scanned by CamScanner

(२) सायंकालीन संधिप्रकाश राग समय दिन में ४ से ७ बजे तक गाये जाते हैं।

संधिप्रकाश रागो में कोमल रे-ध स्वरवाले रागों का समावेश होता है। किन्तु इन रागों में "ग" स्वर शुद्ध होना जरूरी है। नहीं तो वह तीसरे वर्ग में स्थान प्राप्त करेंगे।

संधिप्रकाश रागो में "मध्यम" स्वर भी अति महत्वका होता है।

इन रागो में तीव्र मध्यम का प्रयोग होता है जैसे प्रातःकालीन राग रामकली, संध्याकालीन, रागपूर्वी।

(२) दूसरा वर्ग :- "रे-ध" शुद्ध स्वर वाले राग :-

इस दूसरे वर्ग के रागों का, गाने-बजाने का समय, संधिप्रकाश काल के बाद आता है। इसलिये दूसरे वर्ग के रागों का समय भी चौबीस घंटों में दो बार आता है।

१ सुबह ७ बजे से लेकर सुबह १० बजे तक।

२ शाम ७ बजे से लेकर रात को १० बजे तक।

इसमें शुद्ध "रे-ध" स्वरवाले कल्याण, खमाज, और बिलावल थाटके राग गाये जाते है। दूसरे वर्ग के रागों को गाते-बजाते समय ये याद रखना चाहिये कि

१ इन रागों में भी ग स्वर शुद्ध होना चाहिये।

२ सुबह गाये जाने वाले इन वर्ग के रागों में "मध्यम" स्वर शुद्ध होता है जैसे की बिलावल, इत्यादि।

Scanned by CamScanner

शाम ७ से १० बजे तक गाये जाने वाले रागों में "तीव्र मध्यम" की प्रधानता होगी।

(३) तीसरे वर्ग के राग :- कोमल "ग़ - नि़" वाले राग

१ इस वर्ग के गाने बजाने का समय सुबह १० से ४ बजे तक.

२ रात्रि १० बजे से लेकर सुबह ४ बजे तक.

इस वर्ग में तोड़ी, आसावरी, काफी वगैरे थाट के राग गाये-बजाये जाते है।

इस वर्ग के रागो कों पहचानने में खास ध्यान रखने योग्य बात है

१ इस वर्ग के रागो में 'ग़' कोमल होना अत्यंत आवश्यक है.

(२) 'रे-ध' स्वर शुद्ध भी हो सकते हैं और कोमल भी।

रागों का समय और स्वर की दृष्टि से इस तरह विभाजन किया जाता है।

उत्तर भारतीय संगीत में जैसे अष्टप्रहर के समय का विभाजन रागों को गाने-बजाने के लिये किया है, वैसे ही हमारे पुष्टिप्रभु की सेवा में, इन रागों को सम्मिलित किया गया है। पुष्टिप्रभु को जगाने से लेकर, पौढ़ाने तक की, अष्टयाम सेवा में, इन रागो में कीर्तन गाये जाते है । जिसका ज्ञान हमें पहले पुस्तको में प्राप्त हुआ है। अतः उसका पुनरावर्तन अनावश्यक है।

राग और रस

अंत में हम राग और रस-संबंध की चर्चा करके राग की जानकारी पूर्ण करेंगे।

हमारे साहित्य में नव रसों का वर्णन है। भारतीय संगीत में, साहित्य

Scanned by CamScanner

के इन नवरसों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। साहित्य के नवरस इस प्रकार दर्शाये गये है। शृंगार, करूण, हास्य, वीर, अद्‌भुत, रौद्र, बिभत्स, भयानक तथा शांत रस।

ये नवरस, जीवन के सूक्ष्म रस है । और संगीत का नाता भी मानव की आंतरवृत्तियों के साथ, उनके मनोभावों के साथ, जुडा हुआ है । अतः ये सिद्ध हो जाता है कि, भारतीय रागों का, रस के साथ संबंध होना स्वाभाविक है।

यदि हम रस का साधारण अर्थ करे, तो हमें अनुभव होता है की, प्रत्येक राग का अपना एक विशेष वातावरण है। निश्चित राग-गाने बजाने से, निश्चित वातावरण तैयार होता है, जिससे अपने आप रस की निष्पत्ति होती है। जिसका असर हमारे हृदय की गहराईओं को छू जाता है। एक सच्चा कलाकार, अपनी कला द्वारा ऐसा वातावरण और उससे जुड़ा हुआ रस निष्पन्न करके, श्रोताओं के हृदय को भावविभोर कर देता है।

ऐसे तो प्रत्येक राग के साथ, कोई न कोई रस जुड़ा हुआ माना जाता है, फिर भी संगीत में तीन-चार रसों को ही प्राधानता मिली है। जैसे कि श्रृंगार, वीर, करूणा, शांत इत्यादि।

हमारे पुष्टिसंगीत में शृंगार रस की मात्रा, प्रचुर प्रमाण में पायी जाती है। किन्तु साथ में शांत, वीर और करूण रस को भी अभिव्यक्त किया है। कई पदो में विप्रलंभ शृंगार, तो कई पदों में संयोग शृंगार रस की झलक पायी जाती है। एक बात अवश्य याद रखनी चाहिये की, ये शृंगार रस के पीछे लौकीक प्रेम का भाव नहीं है। इन पदों द्वारा जीवका-शिव के साथ, अंशका

Scanned by CamScanner

अंशी के साथ आधिदैविक मिलन, और इस महामिलन से अचिन्त्य आनंद का ही संकेत मिलता है। इनके कुछ उदाहरण हम देखने की कोशिश करेंगे ।

राग 'ललित' और 'मालकौंसके' शृंगार रस के ये उदाहरण है।

"भोर भये मुख देख लजाने आज अति रेन उनीदे हो लाल-----"

सुरदासजी का ये संयोगशृंगार का पद है, जो ललित राग में है। दूसरा, संयोगशृंगार का राग ललित में ही श्री कृष्णदासजी का ये पद है ।

"कहो तुम साँची कहां ते आये हो भोर भये नंदलाल----------"

तो भक्त कवि नंददासजी का ये पद -

"देखन न दीनी बैरिन पलके - ये विप्रलंभ श्रृंगार का पद राग गौरी में है।

तो राग सिंदूरा में वीररस का ये अति प्रसिद्ध पद है ----

"आज रघुपति चढ़े लंकगढ़ लैन को ----------"

राग मालवका ये पद, अद्भुत रसकी अनुभूति कराता है ।

"जै जै जै मोहन बलवीर, अद्भुत रस गावत मुनि कीर-------"

इन उदाहरणों से हमें ज्ञात होता है कि, हमारे कीर्तनो में भिन्न भिन्न रस की निष्पत्ति कराने वाले असंख्य पद है। इससे येही प्रमाणित होता है कि राग और रस का एक अतूट संबंध है, अविभाज्य संबंध है ।

Scanned by CamScanner

|| श्री हरिः ||

संगीत शास्त्र

संगीत को सुमधुर बनाने के लिए अलंकारों के अलावा कुछ अन्य क्रियाऐं भी हैं, जिनके प्रयोग और अभ्यास से, संगीत सुमधुर लगेगा । यदि संगीत सुमधुर है, तो प्रभू का कीर्तनगान अतिमधुर होगा इसीलिये हमारे प्रभू को "मधुराधिपते" कहा गया है ।

मीड: एक स्वर से दूसरे स्वर तक बिना विच्छेद किये गाने को मींड कहते हैं।

जैसे: रे प धा सं ध

कण: किसी मूल स्वर के साथ दूसरे स्वर का स्पर्श करना ही कण कहलाता है।

जैसे: स (प)

आलाप: आलाप तीन प्रकार के होते हैं।

स्वरालाप: जो आलाप केवल स्वरों में लिये जाते हैं उन्हें स्वरालाप कहते हैं।

जैसे: सं - सं नी सं - - - रें नी रें सं ध नी प -

आलाप: जो आलाप आ कारादि में लिए जाते हैं उन्हें आलाप कहते हैं।

जैसे: सं - सं नी सं - - - रें नी रें सं ध नी प -

आ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ

बोल आलाप: पदों के बोलों को स्वरों में गाने को ही बोल आलाप कहते हैं।

जैसे: सं - सं नी सं - - - रें नी रें सं ध नी प -

मा - धौ - सों - म न मा - न्यौ - मे रौ मा ई

इसी प्रकार तानों को भी लिया जाता है

स्वरतान: जो तान केवल स्वरों में ली जाती हैं उन्हें स्वरतान कहते हैं।

जैसे: सरे मप धनी संनी धप मप मग रेस

बोलतान: पदों के बोलों को स्वरों में गाने को ही बोलतान कहते हैं।

जैसे: सरे मप धनी संनी धप मप मग रेस

मा- धौ- सों- मन मा- न्यौ- मेरौ माई

आलापतान: जो तान आ कारादि में ली जाती हैं उन्हें आलापताान कहते हैं।

जैसे: सरे मप धनी संनी धप मप मग रेस

आऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ

Scanned by CamScanner

॥ श्री हरिः ॥

"ध्रुवपद" या "ध्रुपद" गायन शैली

हमारे पुष्टि संप्रदाय में, पुष्टि प्रभु के सुख के लिये, तथा अपनी चित्तवृतिओंका प्रभु सेवा में निरोध करने के लिये, जो राग-भोग-श्रृंगार सेवा प्रणाली है, इसमें राग यानी, पुष्टि भक्ति संगीत को, भगवत् सेवा का मुख्य अंग समझा गया है।

पुष्टि संप्रदाय का यह संगीत, ध्रुपदगान शैली या ध्रुपदअंग पर आधारित है। "ध्रुवपद" शब्द का अपभ्रंश रूप "द्रुपद" है। ध्रुव का अर्थ होता है अचल। अर्थात ध्रुपद गायकी अपरिवर्तनशील तथा नियमबद्ध है।

यह गायन शैली अतिप्राचीन है। विद्वानों ने ध्रुपदगान को अन्य सभी गायन शैलीओं से श्रेष्ठ माना है।

यह शैली पिछली शताब्दी के आरंभ तक अति प्रसिध्द थी, किन्तु धीरे धीरे समय के प्रवाह के साथ, इस ध्रुपदगान पध्दति के अलावा, खयाल, ठुमरी, टप्पा, दादरा आदि प्रकार भी लोकप्रिय होते गये। फिर भी ध्रुपदगान की धारा मंदिरो में और राज्यालयों में अविच्छिन्न रूप से बहती रही।

आज हमें ध्रुपदगान शैली का जो रूप उपलब्ध होता है, उसका विशेष प्रचलन, राजा मानसिंह तोमर ने किया और बादशाह अकबर के समय में ध्रुपदगान शैली का सुवर्णयुग माना जाता है। जहाँ तक पुष्टिभक्ति संगीत का सवाल है, वह भी इसी समय की देन है। अकबर बादशाह के ही समय में, यानी पन्द्रहवीं शताब्दी में, पुष्टिमार्ग के प्रणेता, महाप्रभु श्री वल्लभाचार्यजी के अनुयायी, भक्तकवि श्री कुंभनदासजी ने, इस गान शैली में ही, प्रभु सन्मुख प्रथम कीर्तनगान किया था।

Scanned by CamScanner

आजकल ध्रुपद घराने की गायकी से, अष्टछापीय परंपरा के कीर्तनों की ध्रुपदगायन शैली में कुछ भेद दिखाई देता है। इसका एक कारण ये भी हो सकता है कि, पुष्टिसंप्रदाय में भाव और शब्द पर अधिक ध्यान दिया जाता है, नकि ध्रुपद गायन में आने वाली, दुगुन, तीगुन जैसी विभिन्न लयकारियाँ, गमक, नोम-तोम आदि पर। क्योंकी ये सब करने में, चित्त भगवत् लीलाओं के अवगाहन, भगवद् भाव से विचलित होकर, इन सब बातों में चला जाता है। जबकि हमारा मुख्य उदेश्य, प्रभु को रिझाना है। संगीत ज्ञान को प्रदर्शित करना नहीं। इसलिये हमारी संगीत परंपरा ध्रुपदगान शैली पर आधारित होते हुए भी, कुछ अलग सी दिखाई देती है। पुष्टि प्रणाली में कीर्तनानुसार, मध्यलय में सरल रीति से प्रभुसन्मुख गान करते हैं।

ध्रुपदगान अधिकतर व्रज भाषा में, हिन्दी में और उर्दू में भी होता है। इस गायन शैली में मुख्य तीन रस शृंगार, शांत और वीररस प्रधान रूप से होते है। ध्रुपदगान, चौताल, धमार, सूलताल, चर्चरी, तीवरा, ब्रह्मताल आदि में किया जाता है। और ये सब ताल परवावज पर बजाये जाते है। आजकल ध्रुपदगान के साथ तबला भी बजने लगा है। किन्तु हमारे मंदिरों में अभी तक पखावजका ही प्रयोग किया जाता है।

ध्रुपदगान खयाल गान से अधिक विस्तृत होता है। **स्थायी, अंतरा, संचारी और आभोग** - ध्रुपद गान में ऐसे चार विभाग होते हैं। और इसे आवश्यक समझा जाता है। अष्टछाप परंपरा के पदो में ये चारों का होना अनिवार्य माना जाता है। आजकल ध्रुपदगान में केवल स्थायी और अंतराका ही प्रयोग होता दिखाई देता है।

Scanned by CamScanner

ध्रुपदगान को भारत का मर्दानी, याने दमदार गाना माना जाता है। इसके गाने में गले और फेंकडे पर काफी जोर पड़ता है। ध्रुपदगान में भाषा की प्रौढ़ता और गांभीर्य होता है। ख्याल की तरह तान-पलटे, ध्रुपदगान में नहीं होते। नोम-तोम के आलाप से, ध्रुपदगान शुरू होता है। उसमे दुगुन-तिगुन, चौगुन, आड़ी आदि लयकारियाँ होती हैं। गमक होती है।

प्राचीनकाल में ध्रुपदगान करने वाले को कलावन्त कहा जाता था और उनकी विभिन्न वाणियाँ हुआ करती थी, जिनमें चार बानी मुख्य हैं।

१ **गोबरहारी**

२ **ड़ागुर**

३ **नोहारी**

४ **खंडहारी**

प्राचीनकाल में कृष्ण मतानुसार गौबरहारी बानी, शंकरमत की नौहरी बानी, भरतमत की ड़ागुरी बानी और हनुमतमत की खंडहारी बानी है। किन्तु ये सब बानियों का उद्‌गम कैसे और कहां से हुआ ये चर्चा का विषय है।

कई विद्वान ऐसा मानते है कि बादशाह अकबर के दरबार के चार महागुणी गायक थे।

१ तानसेन

२ ब्रजचंद बाह्मण (ड़ागुर गाँव के निवासी)

३ राजा समोरवनसिंह वीणाकार (खंडहार नामक स्थान के निवासी)

४ श्री चंद राजपूत (नोहार के निवासी).

तानसेनजी गौड़ बाह्मण होने से उनकी बानी का नाम गौड़ीय या

Scanned by CamScanner

गोबरहारी बानी पड़ गया। इस तरह यह चार विद्वानों के कारण ये चार बानियाँ प्रसिद्ध हुई ऐसा माना जाता है।

पुष्टिभक्ति संगीत में मानने वाले कहते हैं की, गोबरहारी बानी पुष्टिसंप्रदायकी परंपरा है। जिसका उद्‌गम श्री कुंभनदासजी से हुआ था। "गोवर्धनहरि" नामका अपभ्रंश "गोबरहारी" हो गया। यानी पुष्टिप्रभु की सेवा में जो कीर्तनगान होते थे उसे गोवर्धनहरि की बानी से पहचाना जाता था, जिसमें से अपभ्रंशहो के "गोबरहारी" हो गया। एकमत ऐसा मानते है, तो दूसरा मत माननेवाले ये कहते है की, हमारे यहां दीपावली के त्यौहार में, गोबर का गोवर्धन बनाकर उसकी पूजा की जाती थी। आज भी वैष्णव मंदिरो में ऐसा गोवर्धन बनाकर उसकी विधिवत् पूजा की जाती है। उसपर से "गोबरहरि" प्रचार में आया।

इन चारों प्रकार की बानी के अपने अपने लक्षण है। गोबरहारी बानी, शांत और धीर-गंभीर है। इस बानी के ध्रुपद सादे और सरल ढंग से गाये जाते हैं। इसमे स्वरशुद्धि, शब्द उच्चारण, राग शुद्धि आदि की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है। स्पष्टता इस वाणी का प्रधान लक्षण है।

डागुरी बानी में, मींड, गमक, घसीट आदि का प्रयोग होता है। लालित्य और सरलता इसके प्रधान लक्षण है। खंडहारी बानी में खंड खंड करके गाने की प्रथा है। इसमें वेग और तरंग अधिक मात्रा में होते है तो नौहारी बानी में, नौ प्रकार से ध्रुपदगान किया जाता है। ये बानी विशेष रूप से रसकी सृष्टि नहीं करती। इस बानी से सिंह की गति का बोध होता है।

इस प्रकार देखाजाय तो गोबरहारी बानी को राजा की, डागुर बानी को मंत्रि की, खंडहार बानी को सेनापति की और नौहार बानी को सेवक की

Scanned by CamScanner

उपमा दी जा सकती है।

हमारे पुष्टिसंगीत पर गोबरहारी बानी का ही प्रभाव है। इस संप्रदायकी ध्रुपदगान परंपरा में, निश्चित राग एवम् निश्चित भाषा का ही प्रयोग किया जाता है। इसके अलावा अन्य राग वर्ज्य समझे जाते हैं। ध्रुपदगान की भाषा भी व्रज भाषा ही मान्य है।

हमारे यहां ध्रुपदगान की ये परंपरा, श्री कुंभनदासजी से शुरू हुई और श्री हरिरायजी के समय तक तो ठीकठाक चली। इसके बाद न तो कोई नये पद मिले है, न तो अष्टसखाओं जैसे कीर्तनगान करने वाले। फिर भी इस प्राचीन परंपरा को संभालनेका और उसे प्रवाहित रखने का श्रेय, हमारे मंदिरों को खास करके पुष्टिसम्प्रदाय के मंदिरों को ही जाता है।

किन्तु वर्तमान परिस्थिति तो बिलकुल ही शोचनीय है। प्राचीन परंपरा के कीर्तनकारों की संख्या कम हो रही है और अर्वाचीन कीर्तनकार, स्वैच्छिक परिवर्तन करने में लगे हुए हैं। ऐसे समय में प्राचीन शैली का ही आग्रह रखकर, हमारे अमूल्य खजानेको संभालने का हम सबका कर्तव्य बनता है।

Scanned by CamScanner

॥ श्री हरिः ॥

ताल विभाग

प्रिय वैष्णवो, ताल के बारे में अगले चार पुस्तको में हम काफी जानकारी प्राप्त कर चुके हैं । हम जानते ही है की गायन -वादन और कीर्तन, जिस आधार पर होते है, उसकी क्रिया ताल से ही नापी जाती है । मनचाहे उतनी देर तक, कोई स्वर गाने से वह कर्णमधुर संगीत नहीं हो जाता । उसके लिये लय और कालमर्यादा अत्यंत आवश्यक है । इस कालमर्यादा के लिये ताल और लय दोनों अति आवश्यक है । इसलिये तो ताल को संगीत का **प्राण** कहा जाता है ।

ताल शब्द **'तल'** धातु से बनता है, ये तो हम जानते ही हैं । ताल का मतलब है **स्थिरता** या **आधार.** इससे ये समझा जाता है की सुर के साथ साथ ताल के आधार पर खड़ा संगीत ही कर्णमधुर बन सकता है। बेताला और बेसुरा संगीत नहीं जैसे लोन बिन खाना और ताल बिन गाना ।

ताल का गीत के **रस से भी** गहेरा संबंध है। अलग अलग तालों से विशेष रस निष्पत्ति में सहायता होती है ।

हमारे अष्टछापीय कीर्तन संगीत पर, उत्तर भारतीय संगीत पद्धति का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है । उत्तर भारतीय-प्रचलित ताल, जैसे ध्रुवताल, मठताल, रूपकताल, त्रिपुटताल, अठताल, चर्चरीताल इत्यादि उस समय प्रचार में थे। अष्टछापीय कीर्तन साहित्य में प्रायः ये सभी तालों का दर्शन होता है । इससे एक और बात पर भी प्रकाश पडता है कि हमारी कीर्तन संगीत प्रणाली में, ताल का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंगलादर्शन के पश्चात-शयन पर्यंत की सभी सेवा में तालयुक्त कीर्तनगान ही होता है।

Scanned by CamScanner

अधिकतर मृदंग और झांझसे ताल दिया जाता है।

अब हम पुष्टिसंगीत में उपयोगी कुछ तालों के बारे में बात करेंगे। प्रथम है,

१ **रूपक ताल**

२ **चर्चरी ताल**

३ **तेव्रा ताल**

१) **<u>ताल रूपक</u>** :- आधुनिक रूपक ताल का स्वरूप तीव्रातालके समान ही है। प्राचीन कर्णाटकी "त्रिपुट" ताल से उत्तर हिन्दुस्तानी पद्धति में तीव्रातालउत्पन्न हुआ है। ध्रुपदअंग के पदों में तीव्रातालका, तो खयाल गायन में रूपकताल का प्रयोग किया जाता है। यह तबले का ताल है।

हमारी पुष्टिकीर्तन परंपरा में भी रूपक ताल का प्रयोग किया जाता है।

ताल : रूपक मात्रा - ७ खंड - ३

ताली - ४, ६ मात्रा पर और खाली १ मात्रा पर

१	२	३	४	५	६	७
ती	ती	ना	धी	ना	धी	ना
०				X		२

Scanned by CamScanner

२) **चर्चरीताल** :- चर्चरी ताल की मात्रा १० है । इस ताल का प्रचार आजकल हमारे मंदिरों में झपताल के समान हो रहा है । झपताल और चर्चरी दोनो तालों की मात्रा समान है, किन्तु दोनों के खंड अलग अलग है । झपताल में २,३,२,३ = १० मात्रा तो चर्चरी में ३,२,२,३ =१० मात्रा के खंड है । झप ताल खास कर के तबले का ताल है। जबकि चर्चरी मृदंग पर बजाये जानेवाला ताल है ।

चर्चरी ताल के अलावा, मठताल, झपताल, सूलताल भी दस मात्रा के ताल है ।

ताल - चर्चरी, मात्रा : १०

खंड - ४, ताली : १, ४, ८ मात्रा पर खाली : ६, मात्रा पर

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
धा	गे	किट	धा	किट	ता	किट	धा	गदि	गन
	X			२		०		३	

३) **तीव्रा / तेव्रा ७ मात्रा** :- यह ताल रूपक की ही तरह ७ मात्रा का है और ध्रुपदअंग के पदों में ज्यादातर पाया जाता है। जैसे रूपक तबले का ताल है, तीव्रा पखावज का ताल है ।

ताल - तीव्रा मात्रा - ७ खंड - ४

ताली - १,४,६ मात्रा पर, खाली : २, मात्रा पर पखावज के बोल :

Scanned by CamScanner

१	२	३	४	५	६	७
धा	दिं	ता	तिट	कत	गदि	गन
X	०		२		३	

<u>कीर्तन में ताल की पहचान</u>

कीर्तनों की पुस्तकों में कौन सा पद किस राग में है यह तो दर्शाया गया है लेकिन वह पद किस ताल में है यह नहीं दिया गया इसलिए हम उन पदों का ताल निर्धारित करने के लिये कुछ महत्वपूर्ण नियम यहां पर दे रहे हैं।

सर्वप्रथम हम त्रिताल में गाये जानेवाले पदों के बारे में बतायेंगे जैसे :-

<u>नातर लीला होती जूनी</u> : इस पद में विद्यमान मात्राओं को गिनें तो वे इस प्रकार होंगी:-

१ २ ३ ४	५ ६ ७ ८	९ १० ११ १२	१३ १४ १५ १६
ना - त र	ली - ला -	हो - ती -	जू - नी -
X	२	०	३

इसमें ह्रस्व स्वर के लिये एक मात्रा और दीर्घ स्वर के लिए दो मात्रा इस प्रकार इस पद में १६ मात्राऐं हैं इसलिये सहज ही यह पद त्रिताल में गाया जायेगा। १६ मात्रा के पदों को २० मात्रा में भी गाया जा सकता है लेकिन उसके लिये प्रथम पंक्ति की दो आव्रत्ति और बाकी की पंक्तियों की चार आव्रत्ति करनी होंगी इसे हम झपताल कहेंगे।

Scanned by CamScanner

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
ना	-	त	-	र	ली	-	ला	-	-
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
हो	-	ती	-	-	जू	-	नी	-	-
X		२			०		३		

यदि १६ मात्राओं वाले पदको १४ मात्राओं में अर्थात् धमार ताल में गाना हो तो पहली और आठवी मात्रा में दो दो शब्द लेने हौंगे

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
ना-	त	र	ली	-	ला-		हो-	ती	-	जू	-	नी	-
X					२		०			३			

इसी पद को अर्ध आडा चौताल में भी गाया जा सकता है

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
ना-	त	र	ली	-	ला	-	हो-	ती	-	जू	-	नी	-
X	२		३		४		X	२		३		४	

किसी पद में स्थायी, अंतरा में यदि चार चरण होते हैं और चरण के प्रास भी मिलते हैं तो वह पद १२ मात्रा अर्थात् ध्रुपद में ही गाया जायेगा। ध्रुपद में गाने के लिये पद में चार चरणों का होना आवश्यक है यदि किसी पंक्ति में दो आव्रत्ति हैं और वह पद १२ मात्राका है तो स्थाई की उस पंक्ति को दो बार गाना होगा जिससे चार चरण हो जांय।

Scanned by CamScanner

अंतरे की पंक्ति के और दूसरी पंक्तियों के चार ही चरण होंगे ।

जैसे: वि - ठ्ठ ले - श वि - ठ्ठ ले - श

वि - ठ्ठ ले - श क हि - रे - श्री

वि - ठ्ठ ले - श वि - ठ्ठ ले - श

वि - ठ्ठ ले - श क हि - रे - श्री

जैसे: वे - द र ट त्, ब्र - म्हा र ट त्, शं - भू र ट त्, शे - श र ट त्

ना - र द शु क, व्या - स र ट त्, पा - व त्न हीं, पा - र री जा कौ

इस पद में "त" का प्रास मिल रहा है तथा १२ - १२ के चार चरण भी हो रहें इसलिये यह पद ध्रुपद में ही गाया जायेगा । किसी अन्य ताल में यह पद गाना उचित नहीं है यदि दूसरी ताल में गाना है तों इस पद को झपताल में गाया जा सकता है :

जैसे: वे द र ट त्, ब्र म्हा र ट त्, शं भू र ट त्, शे श र ट त्

ना र द शु क, व्या स र ट त्, पा व त्न हीं, पा र री जा कौ

होरी धमार के पद अधिकतर धमार ताल में, रास के पद ध्रुपद अथवा झपताल में, मल्हार के ताल आडा - चौताल में तथा बधाई के पद धमार, द्रुत धमार, आडा - चौताल तथा अर्ध आडा चौताल में गाये जायेंगे इसके उपरांत जो पद इन तालों में नहीं बैठते उन्हें अन्य तालों में भी गा सकते हैं यह कीर्तनकार के विवेक एवं अनुभव पर निर्भर करता है ।

Scanned by CamScanner

॥ श्री हरिः ॥

वाद्य परिचय

संगीत में स्वर और ताल का जितना महत्व है, उतना ही महत्व भिन्न भिन्न वाद्यों का भी है। वाद्यों की संगत के साथ गाया-बजाया हुआ संगीत सोने में सुगंध जैसा होता है।

पाठयक्रम की अगली पुस्तकों में हमने तानपूरा, तबला और झांझके बारे में जानकारी प्राप्त कर ही ली है । इस वर्ष के पाठयक्रम में, हम प्रभू की सेवा में बजाये जानेवाले शेष वाद्यों का परिचय दे रहे हैं ।

हमारे भारतीय संगीत में अनेक विध वाद्य पाये जाते हैं। इनमें से पुष्टि प्रभू को सुख दे सके ऐसे वाद्यों का उपयोग प्रभू सेवामें किया जाता है । भारतीय वाद्यों को चार विभागों में बांटा जा सकता है। ऐसे ही पुष्टिसंगीत के वाद्यों का भी वर्गीकरण होता है ।

इनमें प्रथम है

(१) तंतु वाद्य

(२) सुषिर वाद्य

(३) अवनद्ध या आनद्ध वाद्य और

(४) घन वाद्य

वैदिक काल के साहित्य में भी इन चारों प्रकारों के वाद्यों का उल्लेख प्राप्त होता है।

(१) <u>तंतु वाद्य</u> : जिन वाद्यों में तंतु यानि तारों के द्वारा स्वरों की उत्पत्ति

Scanned by CamScanner

होती है, ऐसे वाद्यों को तंतुवाद्य कहा जाता है। तंतुवाद्य भी दो प्रकार के होते है ।

१) ततवाद्य २) विततवाद्य

<u>ततवाद्य</u>: तत वाद्यो में वीणा, सितार, सरोद, तानपूरा, इकतारा इत्यादि आते हैं। ऐसे वाद्यों को मिजराब या अन्य किसी वस्तु की टंकोर देकर बजाया जाता है।

<u>विततवाद्य</u>: विततवाद्यों को गज की सहायता से बजाया जाता है। सारंगी, वायोलीन, इसराज वगैरे का समावेश विततवाद्यों में होता है ।

वैदिक समय में तंतु वाद्य में कर्करीवीणा, कांडवीणा, वारण्य या वाणका उल्लेख मिलता है।

२) **<u>सुषिरवाद्य</u>**: जो वाद्यों को हवा से या फूंक से बजाया जा सकता है, ऐसे वाद्यों को, सुषिरवाद्य कहते है। बंसरी, मुरली, शहनाई, महुवरी, बीना, शंख, चंग, भेरी, हारमोनियम, क्लेरोनेट आदि का सुषिरवाद्य में समावेश होता है। वैदिक समय में बाकुर नामक वाद्य फूंक से बजाया जाता था । तूणव और नांदि नामक वाद्यों का भी उल्लेख प्राप्त होता है ।

३) **<u>अवनध्द या आनध्द वाद्य</u>**: जो वाद्य चमड़े से मढे हुए होते हैं। ऐसे ताल वाद्यों का समावेश अवनद्ध या आनध्द वाद्य में होता है । जैसे कि मृदंग, परवावज, तबला, ढोलक, नगारा, डमरू, ढोल आदि । वैदिक समय में आडंबरी, भूमिदुंदुभि और अधिकतर दुंदुभि का उल्लेख मिलता है ।

४) **<u>घनवाद्य</u>**: जो वाद्यो में आधात देकर या चोट देकर, स्वर उत्पन्न किये जाते हैं, ऐसे वाद्यों को घनवाद्य कहते हैं। जैसे जलतरंग, मंजीरा,

Scanned by CamScanner

खंजरी, घंट, झांझ, करताल, घंटातरंग, वगैरे । वैदिक समय में आधारी नामक घनवाद्यका उल्लेख प्राप्त होता है ।

पुष्टिसंप्रदायकी कीर्तनप्रणाली में, नित्य के सेवा क्रम में, जन्म वधाई में, त्योहार-उत्सव के दिनों में, होली के दिनो में, कीर्तनगान के समय, सारंगी, झांझ, पखावज, वीणा जैसे कई वाद्योंका उपयोग किया जाता है। अष्टछापीय परंपरा के पदों में से हमें ऐसे कई वाद्यों के नाम प्राप्त हो सकते हैं । उदाहरण के तौर पर हम नीचे की दो पंक्तियाँ देखेंगे ।

१) "बाजत बीन मृदंग बांसुरी अंग चंग भेरी ड़फ झांझ झालर मंजिर--" (कृष्णदास)

२) "बाजत ताल मृदंग झांझ ड़फ शहनाई और ढोल----- (नंददास)

अब हम मुख्य मुख्य शेषवाद्यों का परिचय पाने की कोशिश करेंगे ।

(१) <u>वीणा या बीन</u>: यह अति प्राचीन वाद्य है। श्रीनाथजी के सन्मुख जगायवे और पोढ़ायवे में यह वाद्य नित्य बजाया जाता है। सम्प्रदाय की प्रणाली में दो प्रकार की वीणा प्रचार में है।

१) किन्नरी वीणा

२) रुद्र वीणा

श्रीनाथद्वार में जो बीना बजाई जाती है. उसको किन्नरी वीणा कहते है। इसमें पांच तार होते हैं। उसमें बाज तार केवल एक ही रहता है। इस प्रकार की वीणा में दो तूंबे होते हैं। इसे बजाने का एक स्वतंत्र तरीका होता है ।

Scanned by CamScanner

रुद्रवीणा में पोले बांस की दांडी होती है। जिस पर दो तूंबे लगाये जाते है। दंड के उपर २२ श्रुतिओं को बनाने वाली १४ सारिका (परदे) रहती हैं। इस प्रकार की बीन कांकरोली में और कुछ अन्य मंदिरों में बजाई जाती हैं।

श्री गुसांईजी वीणावादन में पारंगत थे। लेकिन वीणा बजाने से उंगलिओं में ठेक पड जाती थीं। इस ठेक के कारण, सेवा में श्री ठकुरजी के श्री अंग में चुभन होती थी इसलिए श्री गुसांईजी ने वीणा वादन का त्याग कर दिया था।

सितार : प्रायः चौदहवीं शताब्दी में अलाउदीन खिलजी के दरबार में हजरत अमीर खुशरो एक प्रसिद्ध कवि और संगीतज्ञ थे। आपने वीणा में परिवर्तन करके सहतार अर्थात् सितार की रचना की। वीणा में दो तूंबे होते हैं जबकी सितार में केवल एक ही तूंबा रहता है। सितार में वीणा की तरह ही परदे रहते है।

आजकल यह वाद्य अधिक प्रचार में है।

सितार का उल्लेख अष्टछाप के पदो में दिखाई नहीं देता, किन्तु अष्टछाप की परंपरा के भक्त कवि मुरारिदासजी ने राग अड़ाने की धमार में इस प्रकार का उल्लेख किया है।

"गावत धमार आई व्रज की नार ------

संख सृंग चंग उपंग महुवर बंसी सुहतार"

यहां सुहतार शब्द से सितार का ही बोध होता है। आज के समय में यह वाद्य काफी प्रचलित है।

Scanned by CamScanner

सारंगी : सारंगी भी अति प्राचीन वाद्य है। गायन में संगति के लिये यह सर्वोत्तम वाद्य है। इसे "सौरंगी" भी कहा जाता है। अर्थात इसमें संगीत के सौ रंगो का आनंद मिलता है । सम्प्रदाय में इस वाद्य को श्रीजी सन्मुख बजाने का आरंभ श्री हरिरायजी के समय में माना जाता है।

सारंगी में उपर की ओर तार के स्थान पर, तीन तांत की डोर लगाई जाती है। नीचे की तरफ "तुरुपें" लगी हुई रहती हैं। बाँये हाथ की उंगलियों के नाखून से तांत के तार पर, धर्षण करके, दाहिने हाथ से, गज से बजाई जाती है। यह गज धोडे के बाल का या नाईलोन के महीन तारों से बना होता है ।

किन्नरी : किन्नरी का प्रयोग ताल वाद्यों के साथ किया जाता है। किन्नरी को "कर्करी" भी कहते है। पक्के लोहे की छड को त्रिकोणात्मक मोड़कर किन्नरी बनाई जाती है। लोहे की एक छोटी सी छड से उसे बजाई जाती है। संम्प्रदाय में होली के दिनो में धमार गान में झांझ वगैरे अन्य वाद्यों के साथ बजाई जाती है ।

डफ या ढफ : हमारे सम्प्रदाय में डफ का प्रयोग होली के त्यौहारो में अर्थात् माध शुक्ल से डोल तक किया जाता है। यह वाद्य भी स्वतंत्र वाद्य नहीं है। उसे झांझ, मृदंग के साथ बजाया जाता है ।

डफ एक हाथ से डेढ़ हाथ तक का होता है। पतली लकडी का गोल घेरा बनाकर उसे पतले चमडे से मढ़ दिया जाता है। बांये हाथ से पकडकर, दाहिने हाथ से मृदंग के तालों के आधार पर बजाया जाता है। बजाते समय उसे हृदय के नजदीक रखकर, मृदंग के तालों के आधार पर बजाया जाता है ।

Scanned by CamScanner

उपंग : यह वाद्य डमरू आकार का होता है। वह काष्ट या धातु का १६ से लेकर २० अंगुल तक का होता है। एक ओर पतले चमड़े से मढ़ा हुआ होता है।

तांतकी डोरी से वह बजाया जाता है। हमारे सम्प्रदाय में होलीके दिनों में डफ के साथ यह वाद्य बजाया जाता है।

खंजरी : इसे ढफका छोटा भाई कह सकते हैं। लकडे के घेरे पर पतला चमड़ा लगाया जाता है। इसमें छोटे छोटे मंजीरे लगे रहते हैं। चमड़े पर थाप मारने पर वे स्वतः ही बजते है। हमारे यहां होली के दिनों में डफ और उपंग के साथ खंजरी का भी उपयोग किया जाता है।

Scanned by CamScanner



रुद्रवीणा

दुंदुभि

सारंगी

मृदंग



डिमडिमी

रबाब



डमरू

भेरी

डफ



स्वरमादल



झालरी

Scanned by CamScanner

कठताल

झांझ

मंजीरा

किन्नरी

नादे



मुखचंग

तुरही



वादनशंख

बांसुरी



शहनाई

महुवर



निशान

सिंगी

तानपूरा

Scanned by CamScanner

राग : मल्हार

मल्हार रागको वर्षाऋतुका प्रधान राग माना गया है। जिस प्रकार "और राग सब भये बराती दूल्हे राग बसंत" इसी प्रकार मल्हार रागको रागोंका राजा कहा गया है।

ग्रंथोमें जो मेघ-मल्हारका वर्णन है, वह आजकल इतना प्रचलित नहीं है। इस प्रकारके मेघ-मल्हारका उल्लेख हमारे अष्टसखाओ में से, श्री कुंभनदासजी और श्री कृष्णदासजीने किया है। प्राचीन पदसंग्रहोंमें इन दोनों सखाओंके एक एक पद प्राप्त हुए है। इस प्रकारको ही, हमारी अष्टछाप संगीत परंपराका "शुद्ध-मल्हार" माना जाता है।

पुष्टि संप्रदायमें ९ प्रकार के मल्हार द्रष्टिगत होते है।

(१) गौड़ मल्हार
(२) मेघ मल्हार (शुद्ध मल्हार)
(३) सोरठ मल्हार
(४) धूलिया मल्हार
(५) सूर मल्हार
(६) मीयाँ मल्हार
(७) नट मल्हार
(८) रामदासी मल्हार
(९) जयंत मल्हार

कीर्तनकी पुस्तकमें ये सभी राग मल्हारके पदके अंतर्गत ही दीये गये है। कीर्तनकार अपने विवेकसे इन रागोंका गायन कर सकते है। वर्षाकालमें यह राग शास्त्रद्रष्टिसे भी और पुष्टि - प्रणालीके अनुसारभी, प्रातःकालसे लेकर सायंकालकी प्रत्येक सेवामें, मल्हार रागमें ही कीर्तनगान किया जाता है। श्रीजीको जगायवेसे लेकर - पोढ़ायवे तकके, असंख्य पद, इस रागमें पाये जाते हैं।

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से - श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के बाद, हिंडोला विजय तक, यह राग गाया जाता है।

Scanned by CamScanner

राग : गौड़ मल्हार

"नि के दोनों रूप लखि, चढ़ते अल्प सम्हार ।
म-स वादी संवादी तें, कहत गौड़ मल्हार ॥"

राग गौड़ - मल्हार "गौड़" और 'मल्हार' रागोंके मिश्रण से बना है। "रेग, रेमग, रेसा" यह गौड़ रागका अंग है। "मरे, प, मपधसां, धपम" यहाँ मल्हार रागका अंग स्पष्ट हो जाता है।

इस रागके बारेमें दो मत प्रवर्तित हैं किन्तु पुष्टिभक्ति संगीतमें गाये जाने वाले राग गौड़ मल्हार की ही जानकारी हम यहाँ दे रहे हैं। अष्टछाप परंपरामें शुद्ध गांधारवाले गौड़ मल्हार रागका प्रयोग किया जाता है जो खमाज थाट से उत्पन्न होता है। इस रागका वादी स्वर 'मध्यम' और संवादी स्वर 'षड़ज' है।

इस रागमें 'रे-प' की स्वर संगति सुन्दर दिखाई देती है। इस रागकी जाती संपूर्ण है। आरोह में शुद्ध निषाद लिया जाता है किन्तु वह स्वर दुर्बल होने के कारण 'धसां' या 'सांध' इस प्रकार की स्वर संगति अधिकतर पाई जाती है। अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग 'नीप' या 'धनीप' इस स्वर संगति से किया जाता है।

राग गौड़ मल्हार का गायन समय रात्रीका दूसरा प्रहर है। यह एक ऋतु प्रधान राग होने से वर्षाकालमें किसीभी समय गाया जाता है। यह राग वक्र जाती का राग है।

Scanned by CamScanner

आरोह : सा, रेग, रेम गरेसा, रेप, मप, धसां

अवरोह : सांध नीप, मपमग, मरेसा

पकड़ : रेगरेमगरेसा, मपधसां, धपम

आलाप : रेगरेमग, मरेसा, मपधनीसां, धनीप, मपमग, मरेसा, मपनीध नीसां, नीसारेंसा, गंमंरेंसां, धनीप, मपमगरे, मरेसा

राग गौड़ मल्हार

हिंडोरा कौ पद ताल : ध्रुवपद मात्रा -१२

तैसोई वृंदाबन, तैसीयै हरित भूमि,
तैसीयै वीर वधू, चलत सुहाई माई ॥
तैसीयै कोकिला कल, कूहू कूहू कूजत,
तैसेई नाचत मोर, निरखत नैना सुखदाई ॥ १ ॥
तैसोई नव रंग, नवरंगी बनी जोरी,
तैसेई गावत राग मल्हार, तान मन भाई ॥
गोविंद प्रभु पिय सुरंग, हिंडोरे झूले फूले आछे,
रंगभरे चहूं दिशते, घन घटा जुर आई ॥ २ ॥

Scanned by CamScanner

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
नी	नी	ध	नी	नी	नी	सं	नी	सां	ध	नी	प
तै	-	सौ	ई	-	वृं	दा	-	-	ब	-	न
म	म	ग	प	प	ध	सां	सां	धप	म	ग	रे
तै	-	सी	ये	-	ह	रि	-	त-	भू	-	मि
रे	रे	रे	ग	म	प	ग	म	रे	स	सा	सा
तै	-	सी	ये	-	-	वी	-	र	व	धू	-
म	म	ग	प	प	ध	सां	सां	धप	मप	ग	म
च	ल	-	त	-	सु	हा	-	ई-	मा-	-	ई

अंतरा

म	म	प	नी	ध	नी	सां	सां	नी	सां	सां	सां
तै	-	से	ई	-	को	कि	-	ला	क	-	ल
प	प	प	नी	नी	सं	रें	नी	ध	नी	प	प
कू	-	हू	कू	-	हू	कू	-	-	ज	-	त
प	रें	रें	गं	मं	पं	गं	मं	रें	सां	सां	सां
तै	-	-	से	-	ई	ना	च	त	मो	-	र
मम	म	ग	प	प	ध	सां	सां	धप	मप	ग	म
निर	ख	त	नै	-	ना	सु	-	ख-	दा-	-	ई-

संचारी

म	म	रे	प	प	प	ध	ध	नी	प	प	प
तै	-	-	सो	-	ई	न	-	व	रं	-	ग
म	म	म	प	प	ध	सां	सां	धप	म	ग	रे
न	-	व	रं	-	गी	ब	-	नी-	जो	-	री

Scanned by CamScanner

रे	रे	रे	ग	म	प	ग	म	रे	सा	सा	सा
तै	से	ई	गा	व	त	रा	ग	म	ल्हा	-	र
म	म	ग	प	प	ध	सां	सां	धप	मप	ग	म
ता	-	न	म	-	न	भा	-	ई-	मा-	-	ई

आभोग

म	म	प	नी	ध	नी	सां	सां	नी	सां	सां	सां
गो	विं	द	प्र	-	भू	पि	य	सु	रं	-	ग
प	प	प	नी	नी	सां	रें	नी	ध	नी	ध	प
हिं	डो	रे	झू	-	लें	फू	-	लें	आ	-	छे
प	रें	रें	गं	मं	पं	गं	मं	रें	रें	सां	सां
रं	-	ग	भ	-	रे	च	हुं	दि	श	ते	-
म	म	ग	प	प	ध	सां	सां	धप	मप	ग	म
घ	न	घ	टा	जु	र	आ	-	ई-	मा-	-	ई

Scanned by CamScanner

राग : मेघ - मल्हार या शुद्ध मल्हार

"जब काफी के ठाठ सों धग सुर दीने टार ।
दोनों नी संवाद स प, औड़व मेघ मल्हार ॥"

(एक धारणा के अनुसार बादशाह अकबर के काल में संगीत सम्राट तानसेन द्वारा अकबर बादशाह की बीमार पुत्री के स्वास्थ्य लाभ के लिंये राग दीपक का गाना और उस राग के गाने से उत्पन्न असह्य अग्नि को शांत करने के लिये, गुजरात की दो बहनों ताना रीरी द्वारा राग मेघ का गायन करना, इस दुःखद घटना घटने के बाद से ही शायद पुष्टिमार्ग में राग मेघ और दीपक राग को नहीं गाया गया। तभी से मेघराग को मल्हार के नाम से ही संबोधित किया गया है ।)

इस राग का थाट काफी है । इस राग का वादी स्वर "सा" और संवादी स्वर "प" है। 'गांधार' और 'धैवत' स्वर वर्ज्य होने से इस राग की जाति औड़व है। दोनो निषाद का यहाँ साथ साथ में प्रयोग होता है। कोमल निषाद स्वर पर धैवत का कण इस राग में आवश्यक है, क्योंकि किसी स्वर के दोनों स्वरूप एक साथ नहीं गाये जाते। उचित स्थान पर मींड और गमक का प्रयोग किया जाता है। ऐसे तो इस राग का गायन समय रात्रि का तीसरा प्रहर माना जाता है किन्तु ये ऋतु प्रधान राग होने से किसी भी समय इसे गा सकते है ।

आरोह : सा, रे म, रे प, म प, नी "नी सां
अवरोह : सां, नी प, म रे प, म रे, रे सा
मुख्यांग : म रे प, म प नी "नी सां, नी म प, म रे सा
आलाप : सा, म रे प, म रे, नी सा, म, रे प, नी", नी सां, नी सां रें, मं रें सां,
नी प, म प म रे नी सा

Scanned by CamScanner

राग मेघ मल्हार

मल्हार का पद ताल : त्रिताल मात्रा - १६

जहां तहां बोलत मोर सुहाये ॥
सावन रमन भवन वृंदावन, घोर घोर घन छाये ॥१॥
नेन्ही नेन्ही बूंदन बरषन लाग्यौ, बृजमंडल पै छाये ॥
"नंददास" प्रभू संग सखा लिये, कुंजन मुरली बजाये ॥२॥

मुखड़ा

०				३				x				२			
सं	सं	नी॰	प	म	रे	ऩी	सा	रे	रे	म	प	नी॰	नी	सं	सं
बो	-	त	त	मो	-	र	सु	हा	-	ये	-	ज	हां	त	हां

अंतरा

म	प	नी॰	नी	सां	नी	सां	सां	नी	सां	रें	रें	मं	रें	सां	सां
सा	-	व	न	र	म	न	भ	व	न	वृं	-	दा	-	व	न
सां	सां	नी	प	म	रे	ऩी	सा	रे	रे	म	प	नी॰	नी	सां	सां
घो	-	र	घो	-	र	घ	न	छा	-	ये	-	ज	हां	त	हां

स्थायी

०				३				x				२			
म	रे	म	म	प	प	प	प	नी	नी	प	म	रे	रे	सा	सा
नैं	नी	नैं	नी	बूं	-	द	न	ब	र	ष	न	ला	-	ग्यो	-
नी	नी	प	म	रे	रे	ऩी	सा	रे	रे	म	प	नी॰	नी	सां	सां
बृ	ज	मं	-	ड	ल	पै	-	छा	-	-	-	ये	-	-	-

अंतरा

०				३				x				२			
म	प	नी॰	नी	सां	नी	सां	सां	नी	सां	रें	रें	मं	रें	सां	सां
नं	-	द	दा	-	स	प्र	भु	सं	-	ग	स	खा	-	लि	ये
सां	सां	नी	प	म	रे	ऩी	सा	रे	रे	म	प	नी॰	नी	सां	सां
कुं	-	ज	न	मु	र	ली	ब	जा	-	ये	-	ज	हां	त	हां

Scanned by CamScanner

राग : सोरठ मल्हार

"ग वर्जित आरोह में, रि ध संवाद अनूप,
दोनों नी नीके लगे, सोरठ मल्हार कौ रुप ।।"

राग सोरठ मल्हार, सोरठ और मल्हार के संयोग से बना हुआ राग है। पुष्टि संप्रदायकी कीर्तन प्रणाली में, सोरठ-मल्हार और गौड-मल्हार में ही अधिकतर पद गाये जाते है । यह राग सोरठ और मल्हार के मिश्रण से बना है ।

इसका थाट खमाज है। आरोह में शुद्ध तथा अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग होता है। वादी स्वर "ऋषभ" है और संवादी स्वर "धैवत" है। ऐसे तो गांधार स्वर वर्ज्य है इसलिये इसकी जाति षाड़व संपूर्ण मानी जाती है। अवरोह में मींड में गांधार स्वर का प्रयोग किया जाता है । जैसे **म - रे**

आरोह : सा, रे, म, प, नी, मप, नीसां

अवरोह : सां, धनीप, मप, गमरे, सा

पकड़ : मपनी, सां, रेंनी, धप, मप, मरे, नीसा

आलाप : सारेमगरे, मपनीधप, मपनीसां, रेंनीधप, धमगरे, मरेनीसा

राग : सोरठ मल्हार

मल्हार हरीघटा का पद ताल : अर्ध आड़ा चौताल मात्रा : ७

देखौ माई हरियारौ सावन आयौ ।।
हरयौ टिपारौ शीश बिराजत, काछ हरी मन भायौ ।।१।।
हरी मुरली है, हरी संग राधा, हरी भूमि सुखदाई ।।
हरी हरी बन राजत द्रुम बेली, नृत्यत कुंवर कन्हाई ।।२।।
हरी हरी सारी सखीजन पहेरें, चोली हरी रंग भीनी ।।
रसिक प्रीतम मन हरित भयौ है, सर्वस्व न्यौछावर कीनी ।।३।।

Scanned by CamScanner

मुखड़ा

×	२		३		४		×	२		३		४	
नीनी	सां	रें	नीध	पध	मग	रेग	म	प	प	प	प	प	म
हरि	या	रो	सा-	--	व-	न-	आ	यौ	-	-	-	-	दे
पध	नीसां	धप	ग	प	म	ग	रेग	सा	सा	रे	प	मग	रेग
खौ-	--	--	मा	-	ई	-	हरि	या	रौ	सा	-	व-	न-
प	म	म	गरे	ग	सा	सा							
आ	यौ	--	--	--	--	--							

अंतरा

मप	नीध	नी	सां	नी	सां	सां	पप	नी	सां	रें	नी	ध	प
ह-	ख्यौ	टि	पा	-	रौ	-	शी-	श	वि	रा	-	ज	त
परें	रें	रें	नी	नी	सां	सां	धनी	प	प	प	प	प	म
ह	री	-	का	छ	म	न	भा-	यौ	-	-	-	-	दे
पध	नीसां	धप	ग	प	म	ग	रेग	सा	सा	रे	प	मग	रेग
खौ	--	--	मा	--	ई	-	हरि	या	रौ	सा	-	व-	न-
प	म	म	गरे	ग	सा	सा							
आ	यौ	-	--	-	-	-							

स्थायी

मरे	प	म	प	प	म	प	धसां	ध	प	ग	प	म	ग
हरि	मु	र	ली	-	है	-	हरि	सं	ग	रा	-	धे	-
रेग	सा	सा	रे	प	मग	रेग	प	म	म	गरे	ग	सा	सा
ह-	री	भू	-	मी	सु-	ख-	दा	यी	-	--	-	-	-

Scanned by CamScanner

अंतरा

मप	नीध	नी	सां	नी	सां	सां	पध	नी	सां	रें	नी	ध	प
हरि	ह-	री	ब	न	रा	-	जत	ब	न	बे	-	ली	-
धरें	रें	रें	नी	नी	सं	सं	धनी	प	प	ध	प	प	म
नृ	त्य	त	कुं	व	र	क	न्हा	ई	-	-	-	-	दे
पध	नीसां	धप	ग	प	म	ग	रेग	सा	सा	रे	प	मग	रेग
खौ	--	--	मा	-	ई	-	हरि	या	रौ	सा	-	व-	न-
प	म	म	गरे	ग	सा	सा							
आ	यौ	-	--	-	-	-							

स्थायी

धरे	प	म	प	प	म	प	धसं	ध	प	ग	प	म	ग
हरी	ह	री	सा	-	री	-	सखी	ज	न	प	हे	रें	-
रेग	स	स	रे	प	मग	रेग	प	म	म	गरे	ग	स	स
चो-	ती	ह	री	-	रं-	ग-	भी	नी	-	--	-	-	-

अंतरा

मप	नीध	नी	सां	नी	सां	सां	पध	नी	सां	रें	नी	ध	प
रसि	क-	प्री	त	म	म	न	हरि	त	भ	यौ	-	हे	-
धरें	रें	रें	नी	नी	सं	सं	धनी	प	प	ध	प	प	म
सर्व	स्व	न्यो	छा	-	व	र	की	नी	-	-	-	-	दे
पध	नीसां	धप	ग	प	म	ग	रेग	सा	सा	रे	प	मग	रेग
खौ-	--	--	मा	ई	-	-	हरि	या	रौ	सा	-	व-	न-
प	म	म	गरे	ग	सा	सा							
आ	यौ	-	--	-	-	-							

Scanned by CamScanner

राग : धूलिया मल्हार

"ग वर्जित आरोह में, रे प संवाद बनाय ।
ग नी के दो रुप लै, धूलिया राग कहाय ॥"

पुष्टिमार्गीय कीर्तनप्रणाली में भक्त कवि धोंधी का नाम सुप्रसिद्ध है ही। यह राग उन्हिकी देन हो ऐसा लगता है । इस राग को "धूंडिया मल्हार के नाम से भी पहचाना जाता है। जैसे धोंधी का धोंदी, धूंडी नाम अपभ्रंश हुआ है, इसी प्रकार राग धूंडिया - मल्हार का अपभ्रंश धूलिया मल्हार हुआ हो ऐसा लगता है। इससे ऐसा प्रतीत होता है की यह राग भक्तकवि धोंधी की ही देन है ।

यह राग काफी थाट से है। आरोह में गांधार स्वर वर्ज्य है। और अवरोह में सातों स्वर लगने से इसकी जाती षाड़व-संपूर्ण है। इसमें दोनों गांधार तथा दोनो निषाद का प्रयोगकिया जाता है। (सोरठ - मल्हार से यह राग काफी मिलता है। फर्क है तो सिर्फ इतना की सोरठ-मल्हार में गांधार स्वर का प्रयोग मींड में किया जाता है, जबकी यहां गांधार स्पष्ट रूप से लिया जाता है। दोनो गांधारका प्रयोग, "गरेग़रेसा" तथा "रेग़रेसा" - इस प्रकार किया जाता है। इसी कारण यह सोरठ-मल्हार से अलग दिखाई देता है। इस राग का वादी स्वर "रे" और संवादी स्वर "प" है।)

प्रसिद्ध कीर्तनकार चन्दनजी तथा लछमनजी चौबे सम्प्रदायकी प्रणाली के अनुसार इसी प्रकारको धूलिया - मल्हार मानते है ।

इस राग में सोरठ-मल्हार और देश - तीनों रागों का मिश्रण हुआ है।

आरोह : सा,रेप,मपधनी सां

अवरोह : रेंसांनीधप,मगरे,ग़रेनीसा

आलाप : सा, मरेप, मपधनीसां, धपमगरे, ग़रेनीसा, रेमप, नीधप, नीसांरें,मंरेंसां,नीधप,मगरे,ग़रेनीसा.

Scanned by CamScanner

रथयात्रा का पद ताल : आडा चौताल मात्रा - ७

वा पट पीत की फहरान ॥

कर गहि चक्र चरन की धावन, नहिं विसरत वह बान ॥ १ ॥
रथ ते उतर अवनी आतुर व्हे, कचरज की लपटान ॥
मानौं सिंह सैलते उतर्यौ, महा मत्त गज जान ॥ २ ॥
धन्य गोपाल मेरौ प्रण राख्यौ, मेंटी वेद कुल कान ॥
सोई अब सूर सहाय हमारे, प्रगट भये हरि आन ॥ ३ ॥

मुखड़ा

नी	सां	रें	नीध	पध	मग	रेग
पी	-	त	की-	--	फ-	ह-
म	प	प	सं	सं	धप	मग
रा	-	न	वा	-	प-	ट-
रेग	स	स	रे	प	मग	रेग
पी	-	त	की	-	फ-	ह-
प	म	म	रे	ग	रे	सा
रा	-	-	-	-	न	-
X	२		३		४	

अंतरा

मप	नीध	नी	सां	नी	सां	सां
कर	ग-	हीं	च	-	क्र	च
पप	नी	सां	रें	नी	ध	प
